प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 09.12.2024

मुख्य समाचारः—

- सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए धमतरी जिले के हरदीभाटा गांव को राष्ट्रपति ग्यारह दिसंबर को नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में करेंगी सम्मानित।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं में वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया।

- अटल विहार योजना के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में शुरू की गई सात आवासीय परियोजनाएं।

- छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा की समय—सारिणी जारी की।

राष्ट्रपति—सम्मान

ग्यारह दिसंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में धमतरी जिले के हरदीभाटा गांव को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दो हजार चौबीस के तहत इस गांव को सामाजिक रुप से न्यायसंगत और सामाजिक रुप से संरक्षित पंचायत श्रेणी में यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस वर्ष विभिन्न श्रेणियों के तहत पैंतालीस पुरस्कार विजेताओं का चयन किया गया है, जिसमें धमतरी जिले का हरदीभाटा गांव भी शामिल है।

प्रधानमंत्री—बीमा सखी योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं में वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा के पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। भारतीय जीवन बीमा निगम की इस पहल से 18 से 70 वर्ष तक आयु की महिलाओं का सशक्तीकरण होगा। इस योजना के अंतर्गत दसवीं पास महिलाओं को विशेषज्ञता प्रशिक्षण दिया जाएगा और पहले तीन वर्ष के लिए मासिक भत्ता दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किये।

आरबीआई—गवर्नर

उन्नीस सौ नब्बे बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर नियुक्त किया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनके नाम को मंजूरी दे दी है। उन्हें तीन साल की अवधि के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी श्री मल्होत्रा वर्तमान में वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

मुख्यमंत्री—आवास योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में ''अटल विहार योजना'' के अंतर्गत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की सात आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों और विकासखंड में रह रहे आवासहीन लोगों को किफायती और पक्के छत युक्त आवास उपलब्ध कराने के लिए ''अटल विहार योजना'' प्रारंभ की गई है, जिसके तहत हाउसिंग बोर्ड द्वारा पचास हजार भवनों का निर्माण कर आबंटन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त कुंदन कुमार ने आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए बताया कि इन परियोजनाओं के तहत रायपुर के भूरकोनी, राजिम के पथर्रा, धमतरी के खरतुली और सिहाद, दुर्ग के पुलगांव, बालोद के गुरूर और बीजापुर के कोकड़ापारा में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी श्रेणी के आवास बनाए जाएंगे।

योजना के हितग्राही भवनों का ऑनलाईन पंजीयन वेबसाईट के माध्यम से घर बैठे कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री–अंबिकापुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने अंबिकापुर प्रवास के दौरान पांच सौ छत्तीस करोड़ रूपए के सोलह सौ से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में बनाए जाने वाले तीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी शामिल हैं। इसके अलावा दस सड़कों का भी आज लोकार्पण किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कुछ महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

राज्यपाल–आईआईटी केन्द्र शुभारंभ

राज्यपाल रमेन डेका ने आज दुर्ग स्थित आईआईटी भिलाई में ''संस्कृति, भाषा और परम्परा केंद्र'' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आईआईटी भिलाई की यात्रा में यह केंद्र मील का पत्थर साबित होगा। इस केंद्र की स्थापना आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत और ज्ञान, लुप्तप्राय भाषाओं और सतत विकास पर अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए की गई है। केंद्र का मिशन छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदायों की भाषाई विविधता, सांस्कृतिक बहुलवाद, पारिस्थितिक ज्ञान और सामूहिक स्मृति को भारत में सामने लाना है।

केन्द्रीय मंत्री–दौरा

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का तेरह दिसंबर को छत्तीसगढ़ दौरा प्रस्तावित है। इस दौरान श्री नड्डा राज्य की भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे को देखते हुए राज्य सरकार और भाजपा संगठन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

दसवीं/बारहवीं–समय सारिणी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा वर्ष दो हजार पच्चीस की समय–सारिणी जारी कर दी है। हायर सेकेंडरी परीक्षा एक मार्च से शुरू होकर अट्ठाईस मार्च तक चलेगी। वहीं, हाईस्कूल की परीक्षा तीन मार्च से शुरू होकर चौबीस मार्च तक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा एक मार्च से दस मार्च तक आयोजित की जाएगी। विस्तृत समय सारिणी छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का सातवां संस्करण आगामी ग्यारह दिसंबर को देशभर के इंक्यावन केंद्रों में एक साथ शुरू होगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान दो दिवसीय इस कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। छत्तीसगढ़ में रायपुर स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी ''स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन'' की मेजबानी करेगी।
एमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर के कुलपति डॉक्टर पीयूष कांत पांडेय ने बताया कि इस कार्यक्रम में तेरह राज्यों की इकतीस टीमें भाग लेंगी।

छत्तीसगढ़ में चार स्थानों पर स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का आयोजन किया जाएगा। इनमें भिलाई, बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग में स्थित शिक्षण संस्थान शामिल हैं।

प्रसार भारती–पुरस्कार वितरण

प्रसार भारती सचिवालय ने आज नई दिल्ली स्थित अपने कार्यालय में राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में हिंदी माह के अंतर्गत सितंबर और अक्टूबर महीने में आयोजित की गईं विभिन्न

प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा कि हिंदी सभी भारतीयों को अपनी संस्कृति, इतिहास और विरासत से जोड़ती है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि राजभाषा का प्रसार और प्रचार करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़, दूरदर्शन की महानिदेशक कंचन प्रसाद और दूरदर्शन समाचार महानिदेशक प्रिया कुमार सहित कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

माआवोदी–गिरफ्तार

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने आज नैमेड़ थाना अंतर्गत दो माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक माओवादी पर एक लाख रूपए का इनाम घोषित था। गिरफ्तार माओवादी में से एक पर पूर्व सरपंच सुखराम अवलम की हत्या में शामिल रहने का आरोप है। वहीं, दूसरा माओवादी मोसला जनताना सरकार का अध्यक्ष है। पकड़े गये माओवादियों को बीजापुर जिला न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

ठगी आरोपी–गिरफ्तार

बालोद जिले के पंचानवे गांवों की सैकड़ों महिलाओं से सत्तर करोड़ रूपए से अधिक की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने महिलाओं के नाम पर बैंक और माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से करीब सत्तर करोड़ रुपये से अधिक का लोन निकाला है। ठगी का अहसास होने पर शनिवार को नारागांव और किनारगोंदी की छियासी से अधिक महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी खोलबहरा कैवर्त्य, बालोद निवासी दंपती सरिता और चंद्रहास करियाम को हिरासत में ले लिया है।

दुर्घटना

कोरबा जिले के घुमानीडांड़ गांव के पास आज तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक साल की बच्ची मौत हो गई है। वहीं, पच्चीस अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बनखेता ग्राम पंचायत के कांसामार के लोग पिकअप में सवार होकर पिकनिक मनाने बुका गए हुए थे। रविवार की रात वापस लौटने के दौरान बजटगा चौकी के पास पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई।

वहीं, इसी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–एक सौ तीस के कटघोरा से अम्बिकापुर जाने वाले मार्ग पर अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन शुरू होने की संभावना है। इसके कारण राज्य के विभिन्न भागों में न्यूनतम तापमान में अगले चार दिनों के दौरान गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड बढ़ेगी।

संक्षिप्त समाचार

छत्तीसगढ़ के पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीरनारायण सिंह का कल दस दिसंबर को बलिदान दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उन्हें नमन करते हुए कहा है कि आदिवासी जननायक वीरनारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे।

कल अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को इस अवसर पर अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।